परेशानी छात्राओं के लिए सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन नहीं होने से बढ़ी परेशानी

सरकारी स्कूल में बुनियादी सुविधाओं का अभाव

नवभारत, जबलपुर। पं. एल.एस. झा शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (स्कूल ऑफ एक्सीलेंस) में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने स्कूल की मूलभूत सुविधाओं को लेकर नाराजगी जताई है। विद्यार्थियों का कहना है कि स्कूल में पीने के लिए साफ पानी उपलब्ध नहीं है और नलों से गंदा पानी आता है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बनी रहती हैं। छात्रों के अनुसार स्कूल के शौचालयों की नियमित साफ-सफाई नहीं होती। कई टॉयलेट गंदगी से भरे रहते हैं, जिससे उनका उपयोग करना मुश्किल हो जाता है। विद्यार्थियों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। छात्राओं ने बताया कि स्कूल में सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। मासिक धर्म के दौरान उन्हें काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। उनका कहना है कि एक मॉडल स्कूल में ऐसी आवश्यक सुविधा का होना बेहद जरूरी है।

मेनू का नहीं रखा जाता है ध्यान

विद्यार्थियों के अनुसार निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन नहीं दिया जाता, बल्कि कई बार बिना सूचना के कुछ भी परोस दिया जाता है। उनका यह भी कहना है कि भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं होती। विद्यार्थियों ने छात्रावास की व्यवस्थाओं में सुधार, निर्धारित मेन्यू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने तथा उनकी शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करने की मांग की है।

विद्यार्थियों ने उठाए सवाल

विद्यार्थियों और अभिभावकों ने जिला शिक्षा विभाग और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि स्कूल में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, शौचालयों की नियमित सफाई कराई जाए तथा छात्राओं की सुविधा के लिए जल्द से जल्द सैनिटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन स्थापित की जाए, ताकि उन्हें सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। स्कूल के छात्रावास में रहने वाले कुछ विद्यार्थियों ने भी व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि कुछ शिक्षकों का व्यवहार सहयोगात्मक नहीं है, जिससे उन्हें मानसिक असहजता महसूस होती है। वहीं, छात्रावास के भोजन को लेकर भी शिकायतें सामने आई हैं।

इनका कहना है

वॉशरूम गंदे रहते हैं और सैनिटरी पैड की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। स्कूल में जल्द ये व्यवस्थाएं की जानी चाहिए।

शब्दीदा श्रीवास्तव

स्कूल में पढ़ाई अच्छी होती है और शिक्षक पढ़ाई पर ध्यान देते हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं में सुधार की जरूरत है।

आयुषी परोहा

अनियंत्रित कार 3 दुकानों में घुसी, 7 घायल, 4 गंभीर

आक्रोशितों ने की तोड़फोड़ जय प्रकाश नगर का मामला

नवभारत, जबलपुर। अधारताल थाना अंतर्गत जय प्रकाश नगर में सोमवार शाम एक बेकाबू तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे चाय और फल के ठेले पर घुस गई इसके बाद एक मोबाइल दुकान जाकर रूक गई। कार ने तांडव मचाते हुए रास्ते में आए राहगीरों, टू-व्हीलर्स को भी कुचला है। हादसे में सात लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है जहां चार की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना से गुस्साएं लोगों ने कार में जमकर तोड़फोड़ की। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार को जब्त किया और चालक को हिरासत में ले लिया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जय प्रकाश नगर में गुरूवार शाम को अचानक एक तेज रफ्तार कार एमपी 34 सीए 0718 अनियंत्रित हो गई। कार की गति इतनी अधिक थी कि वह सड़क किनारे लगे फल और चाय के ठेले में जा घुसी, जहां कई ग्राहक खड़े थे। कार रास्ते में आने वाले लोगों और दोपहिया वाहनों को रौंदती हुई आगे बढ़ गई। अंत में कार सड़क किनारे स्थित एक दवा दुकान के सामने रुकी। इस हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे में सात लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को संभाला और एम्बुलेंस व निजी वाहनों की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद राहगीरों का आक्रोश फूट पड़ा और भीड़ ने दुर्घटनाकारी कार को चारों तरफ से घेर लिया और उसमें जमकर तोड़फोड़ की। कार के कांच और अन्य हिस्से पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिए गए। माहौल बिगड़ता देख तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने सूझबूझ से काम लेते हुए भीड़ को शांत कराया। पुलिस ने भीड़ के चंगुल से निकालकर कार चालक को अपनी कस्टडी में लिया और वाहन को जब्त कर थाने भिजवाया।

ब्रेक की जगह दबा एक्सीलेटर, जांच में जुटी पुलिस

पुलिस की प्रारंभिक जांच और चालक से शुरुआती पूछताछ के अनुसार, बेकाबू होने से ठीक पहले कार चालक एक अन्य वाहन से बचना चाह रहा था इसी दौरान चालक हड़बड़ा गया। वह घबराहट में गाड़ी को रोकने के लिए ब्रेक दबाना चाहता था, लेकिन धोखे से उसका पैर एक्सीलेटर पर पड़ गया। एक्सीलेटर दबते ही कार अचानक अत्यधिक रफ्तार पकड़कर आउट ऑफ कंट्रोल हो गई और यह दर्दनाक हादसा घटित हो गया। पुलिस फिलहाल जांच कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाल रही है।

रिटायर्ड बिजली कर्मचारी के सूने मकान में लाखों की चोरी

सीसीटीवी में कैद हुए नकाबपोश

नवभारत, जबलपुर। ग्वारीघाट अंतर्गत जिलेहरी में चोरों ने रिटायर्ड बिजली कर्मचारी के सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। शातिर चोर घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए हैं, जिसमें वे मुंह बांधकर वारदात को अंजाम देते नजर आ रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, जिलेहरी गांव निवासी कपिल शर्मा (59) बिजली विभाग से सेवानिवृत्त हैं। वह 8 जुलाई को अपने घर का ताला बंद कर परिवार सहित इंदौर में एक रिश्तेदार के यहां गए थे। उनके घर के बगल में ही उनका छोटा भाई मनीष शर्मा सपरिवार रहता है। 11 जुलाई को मनीष ने कपिल को फोन कर सूचना दी कि उनके घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। चोरी की खबर मिलते ही कपिल शर्मा तुरंत इंदौर से रवाना हुए और बीती रात लगभग 11 बजे जबलपुर पहुंचे। जब उन्होंने घर के भीतर जाकर देखा, तो अलमारी का लॉक टूटा हुआ था और सारा सामान कमरे में बिखरा पड़ा था। एक सोने की चैन, एक टूटा हुआ मंगलसूत्र, एक अंगूठी और एक जोड़ी बाली, एक जोड़ी चांदी की पायल और भगवान की दो चांदी की मूर्तियां, अलमारी में रखे 3,000 रुपये नगद गायब थे। कपिल शर्मा ने जब घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की, तो उसमें दो अज्ञात नकाबपोश बदमाश नजर आए। चोर 11 जुलाई की रात करीब 2:30 बजे मुख्य दरवाजा तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुए और ठीक एक घंटे बाद, यानी रात 3:30 बजे चोरी का माल समेटकर बाहर निकलते दिखाई दिए।

बाइक चालक ने महिला को कुचला

जबलपुर । सिहोरा थाना अंतर्गत झिंगरई भीटा तिराहा के पास बाइक चालक ने महिला को कुचल दिया । पुलिस के मुताबिक गोलू चौधरी 25 वर्ष निवासी ग्राम धूरी थाना स्लीमनाबाद कटनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सुबह लगभग 7 बजे मां लक्षिया बाई चौधरी एवं गांव के राजेश चौधरी, गेंदालाल चौधरी के साथ धूरी से अनिल पटेल निवासी हरसिंगी के यहां रोपा लगाने के लिये गये थे। सुबह लगभग 9-30 बजे झिंगरई भीटा तिराहा के पास रोड किनारे खड़ी मां को लमकना तरफ से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन व्ही 6433 के चालक ने टक्कर मार दी।

पूर्व विधायक डॉ . सुनीलम को हाईकोर्ट से झटका

वीजा की अनुमति के लिए दायर आवेदन खारिज

जबलपुर। पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता डॉ सुनीलम को हाईकोर्ट हाईकोर्ट से झटका लगा है। अधिवक्ता द्वारा अंतिम बहस के लिए तैयार नही होने के कारण हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस ए के सिंह की युगलपीठ ने उनकी तरफ से वीजा जारी किये जाने की अनुमति के लिए दायर आवेदन को खारिज कर दिया। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि सुनवाई के दौरान पाया कि आपराधिक अपील 14 साल से लंबित है और उनके अधिवक्ता अंतिम बहस के लिए तैयार नही है। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद आवेदन को खारिज कर दिया। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि अपील 14 साल से लंबित है। अपील करने वाले वकील खुद ही मुकदमे में अंतिम सुनवाई के लिए तैयार नही है। अधिवक्ता खुद अपील को लंबा खींचने के लिए जिम्मेदार हैं। आम तौर पर जनता में यह धारणा बनती है कि कोर्ट ठीक से काम नहीं कर रहे हैं।

गौरतलब है कि न्यायालय ने पूर्व विधायक व कांग्रेस नेता डॉ सुनीलम सहित तीन व्यक्तियों को साल 2012 में मुलताई गोलीकांड मामले में हत्या, हत्या के प्रयास तथा सार्वजनिक संपत्ति को क्षति पहुंचाने के मामले में अधिकतम आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया था। सत्र न्यायालय मुलताई द्वारा सजा से दंडित किये जाने के खिलाफ उनकी तरफ से साल 2012 में हाईकोर्ट में अपील दायर की गयी थी। डॉ सुनीलम को प्रकरण में सशर्त जमानत का लाभ मिल गया था।

डॉ सुनीलम की तरफ से इराक जाने के लिए वीजा जारी किये जाने की अनुमति के लिए हाईकोर्ट में आवेदन पेश किया था। युगलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि आवेदन में इराक जाने की जरूरी निजी वजह का उल्लेख नही किया गया है। अपील साल 2012 से लंबित है और अंतिम बहस के संबंध में उनके अधिवक्ता का कहना है कि इस संबंध में पक्षकार से कोई दिशा-निर्देश नही मिले है। अपील में इतने लम्बे समय से लंबित होने के बावजूद भी अंतिम बहस के लिए अधिवक्ता द्वारा तैयार नहीं होने के आधार पर युगलपीठ ने आवेदन को विचार योग्य नही मानते हुए उसे खारिज कर दिया।

नकली डीएपी खाद की खेप पकड़ाई, एफआईआर दर्ज

जबलपुर, पाटन। पाटन थाना अंतर्गत गाड़ाघाट में कृषि और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा नकली डीएपी खाद की खेप पकड़ी थी। इस मामले में कृषि विभाग की ओर से सोमवार को पाटन थाने में एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

जानकारी के अनुसार राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने धनेटा के किसान से मिली सूचना पर छापामार कार्यवाही कर ग्राम गाडाघाट में नकली डीएपी की 22 बोरियां जब्त की थी। नकली डीएपी खाद इफ्को कंपनी की बोरियों में भरकर रखी गई थीं। जब्त की गई खाद के सेम्पल परीक्षण के लिए उर्वरक जांच प्रयोग शाला भेजे गये थे। इफ्को कंपनी के उप प्रबंधक ने थाना पहुंचकर बोरी का निरीक्षण कर अपने लिखित प्रतिवेदन में बताया की पायी गई डीएपी की बोरी की सिलाई सफेद रंग के धागे से है, जबकि इफ्को द्वारा हरे रंग का धागा उपयोग किया जाता है। इससे यह प्रतीत होता है की यह डीएपी के बैग इफ्को कंपनी के नहीं है। उर्वरक निरीक्षक पंकज कुमार श्रीवास्तव द्वारा पाई गई डीएपी की बोरियों से नमूने लेकर उर्वरक जांच प्रयोगशाला में भेजा गया था। परीक्षण में नाइट्रोजन 0.5 प्रतिशत एवं फास्पोरस 0.5 प्रतिशत पाया गया, जबकि डीएपी खाद में 18 प्रतिशत नाइट्रोजन एवं 46 प्रतिशत फास्पोरस होता है। इस मामले में आरोपी प्रकाश बर्मन के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 7 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 का उल्लंघन पाया गया। प्रकरण में उर्वरक निरीक्षक पाटन पंकज श्रीवास्तव द्वारा थाना पाटन में एफ आईआर दर्ज कराई गई।

युवक ने लगाई फांसी



जबलपुर। बेलखेड़ा थाना अंतर्गत गोकला में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका। पुलिस के मुताबिक अरविंद पटेल 45 वर्ष निवासी गोकला ने सूचना दी कि उसके चाचा धरमदास का बेटा महेश पटेल शराब पीने का आदि था, बीती रात शराब पीये हुये था, जिसे घर के कमरे मे लगे पंखे के कुंदा मे साड़ी के फंदे से फांसी लगा जिससे उसकी मौत हो गई।

कृषि उपज मंडी में किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएं

जबलपुर। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने जिले की सभी कृषि उपज मंडियों को आदर्श मंडियों के स्वरूप में विकसित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। सिंह कृषि उपज मंडी की व्यवस्थाओं को लेकर सोमवार को आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषि उपज मंडियों में किसानों और व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, विश्राम गृह, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाएं हर समय अच्छी स्थिति में रहनी चाहिए।

कलेक्टर कार्यालय में संपन्न हुई इस बैठक में आदर्श कृषि उपज मंडी के विभिन्न प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। अपर कलेक्टर रविशंकर राय, एसडीएम अभिषेक सिंह तथा जबलपुर, सिहोरा, पाटन एवं शहपुरा कृषि उपज मंडी के सचिव उपस्थित थे।

महिला से मंगलसूत्र झपटने वाला आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार

जबलपुर। इंदौर ओवरनाइट एक्सप्रेस में जबलपुर से भोपाल जा रही एक महिला यात्री के गले से सोने का मंगलसूत्र झपटने वाले आरोपी को जीआरपी जबलपुर ने घटना के कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया। महिला की शिकायत पर जीआरपी थाना जबलपुर में मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक रेल सुंदर सिंह कनेश के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भावना मरावी एवं डीएसपी अंकिता सुल्या के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने रेलवे स्टेशन और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मक्का नगर निवासी 21 वर्षीय सोहित उर्फ शाहिद अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने वारदात स्वीकार कर ली, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर सोने का पेंडल और चार सोने की गुरिया सहित करीब 35,500 रुपये कीमत का लूटा गया माल बरामद कर लिया गया।

लहराकर चलाने से नहर में पलटी थी बोलेरो

मर्ग जांच के बाद मृत ड्राइवर पर दर्ज हुई एफआईआर

नवभारत, जबलपुर। बेलखेड़ा थाना अंतर्गत कटाव घाट में 2 जुलाई को तेज रफ्तार बोलेरो नहर में पलट गई थी। मर्ग जांच में यह बात सामने आई कि हादसा ड्राइवर की लापरवाही के चलते हुआ। तेज रफ्तार में वाहन को लहराकर चलाने से गाड़ी पलटी थी। हादसे में चालक की ही मौत हो गई थी जबकि उसके साथी बच गए थे। पुलिस ने मृत घायल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है ।

विदित हो कि श्रीकांत दुबे निवासी सदर केण्ट बेलखेड़ा कलारी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। 2 जुलाई की सुबह लगभग 8 बजे चालक रवि पिल्ले 52 वर्ष निवासी काफी हाउस के पीछे केण्ट बुलेरो एमपी 20 जेड जी 0435 से कलारी का स्टाफ संदीप बंजारा, चंदन लोधी, मयंक, बंडू के साथ बरमान क्षेत्र मे दबिश देकर वापस आते समय दोपहर लगभग 12-30 बजे कटाव घाट के बाढ में चालक रवि पिल्ले पानी में बह गया था जिसे 3 घंटे बाद मृत अवस्था में पानी से निकाला गया था। पुलिस ने मर्ग कायम किया था।

बोलने पर भी कम नहीं की थी रफ्तार

पुलिस ने जांच के दौरान देवेन्द्र उर्फ बंधू गौड़, चंदन लोधी, मयंक बर्मन, संदीप बंजारा के बयान दर्ज किए । जिसमें यह बात सामने आई कि 2 जुलाई को बरमान से लौटते समय मृतक रवि पिल्ले बोलेरो को काफी तेज रफ्तार से चला रहा था जिसे पानी गिरने से धीरे चलाने को भी कहा तब भी नहीं माना और दोपहर करीब 12:30 बजे बरमान रोड कटाव पुलिया के पास काफी तेज रफ्तार से लहराते हुए बोलेरो चलाया जो पुलिया से पलट कर पानी में गिर गई। हम लोग बाहर निकल आये थे तभी बोलेरो डूब गई और रवि फंस गया था। मर्ग जांच के बाद पुलिस ने मृतक रवि पिल्ले के खिलाफ धारा 281 ,125(ए),106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

अड़ीबाजी : 3 पर चाकू से हमला

नवभारत, जबलपुर। गोहलपुर और हनुमानताल थाना क्षेत्रों में शराब के लिए पैसे न देने पर बदमाशों ने तीन लोगों पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने मामले दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गोहलपुर पुलिस ने बताया कि सुशीला परिसर के पास नितिन, पप्पू, अप्पू और अक्षय चौधरी ने वेटर गौरव चौधरी (20) और उसके दोस्त योगेन्द्र से शराब के लिए 1,000 रुपये मांगे। मना करने पर आरोपियों ने मारपीट की और नितिन चौधरी ने चाकू से हमला कर गौरव की जांघ और बीच-बचाव करने आए योगेन्द्र की जांघ व पीठ पर चोट पहुंचा दी। इसी प्रकार हनुमानताल थाना अंतर्गत बड़ी खेरमाई मंदिर के पास चाय दुकान चलाने वाले राकेश कुवानी (30) से बदमाश शिवांश सोनकर ने शराब के लिए 500 रुपये मांगे। पैसे न देने पर शिवांश ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे राकेश के बाएं पैर की जांघ पर तीन जगह और दाहिने हाथ में चोटें आईं।

अव्यवस्था स्वच्छता व्यवस्था पर उठे सवाल

डस्टबिन के अभाव में दुकानों के सामने लग रहा कचरे का ढेर

नवभारत, जबलपुर। भारत सरकार के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के तहत प्रत्येक घर, दुकान और संस्थान में गीले व सूखे कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन रखना अनिवार्य है। इसके बावजूद नेपियर टाउन स्थित नगर निगम कार्यालय के समीप कई दुकानों के बाहर सार्वजनिक डस्टबिन की व्यवस्था नहीं है, जिससे राहगीर और आसपास के लोग दुकानों के सामने ही कचरा फेंक देते हैं।

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि सड़क पर कचरा जमा रहने से गंदगी फैलती है और ग्राहकों के सामने दुकानों की छवि भी खराब होती है। उनका आरोप है कि क्षेत्र में कचरा संग्रहण वाहन नियमित रूप से नहीं आता और सफाई कर्मचारियों द्वारा भी समय पर झाड़ू नहीं लगाई जाती, जिससे समस्या लगातार बनी हुई है।व्यापारियों ने नगर निगम से मांग की है कि क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में डस्टबिन लगाए जाएं, कचरा वाहन की नियमित व्यवस्था की जाए और रोजाना सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आसपास का क्षेत्र स्वच्छ और व्यवस्थित रह सके।

इनका कहना है

हमारी दुकान के सामने लोग रोज़ कचरा फेंक देते हैं। डस्टबिन नहीं होने और कचरा गाड़ी नियमित नहीं आने से गंदगी बनी रहती है।

प्रतिभा सिंह
पर्पल किड्स मैनेजर

शिकायत हमारे संज्ञान में आई है। संबंधित क्षेत्र का निरीक्षण कराया जाएगा और आवश्यकता के अनुसार डस्टबिन लगाने के साथ नियमित सफाई एवं कचरा वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

अर्जुन यादव
असिस्टेंट हेल्थ ऑफिसर

आरपीएफ ने चार किन्नरों को किया गिरफ्तार

जबलपुर, नवभारत। जबलपुर रेल मंडल में ट्रेनों में यात्रियों से जबरन पैसे वसूलने की लगातार मिल रही शिकायतों पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार किन्नरों को गिरफ्तार किया है। आरपीएफ के अनुसार, ये सभी ट्रेन में सफर कर यात्रियों से जबरन पैसे मांगते थे और विरोध करने पर अभद्र व्यवहार करते हुए विवाद की स्थिति उत्पन्न कर देते थे। सभी आरोपियों के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 145 एवं 147 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राजीव खरब के निर्देशन में उप निरीक्षक प्रवीण कुमार, प्रधान आरक्षक प्रेम सिंह और आरक्षक हरिकेश दुबे की टीम ने रेलवे स्टेशन एवं ट्रेनों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान प्लेटफॉर्म नंबर-6 के कटनी छोर पर चार किन्नर यात्रियों से पैसे मांगते हुए पकड़े गए। पूछताछ में उन्होंने ट्रेनों में पैसे मांगने की बात स्वीकार की, जबकि उनके पास से वसूली गई नकदी भी बरामद की गई।

इनकी हुई गिरफ्तारी

पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान लीजा (22), नैन्सी (23), तानिया (27) और रीना (26) निवासी गायत्री नगर, कटनी के रूप में बताई। उन्होंने बताया कि वे अपने गुरु हेमा के संरक्षण में कटनी से जबलपुर, नरसिंहपुर और पिपरिया तक ट्रेनों में सफर कर यात्रियों से पैसे मांगते थे। आरपीएफ ने सभी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कहा है कि यात्रियों की सुरक्षा और रेल यात्रा को सुगम बनाने के लिए इस तरह के विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।